RAF SECTOR
NEWS CLIP
04/05/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Jamshedpur, (Jkd)

ईद पर रैफ उतरी, 4000 फोर्स तैनात

सतर्कता

- मानगो, गोलमुरी और टेल्को में विशेष चौकसी
- घटना की सूचना पुलिस को देने की हिदायत

जमशेदपुर, वरीय संवाददाता। ईद को लेकर शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वैसे इलाकों में रैफ की तैनाती की गई है, जहां मस्जिदों से बाहर सड़क तक भीड़ आ जाती है। इन इलाकों में शांतिपूर्वक नमाज हो और कहीं कोई बाधा उत्पन्न न हो, इसलिए लगातार वहां फोर्स की तैनाती रहेगी।

शहर के मुख्य इलाके मानगो, गोलमुरी और टेल्को में रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की जा रही है। इधर, चांद रात को शहर के विभिन्न स्थानों में सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च वैसे इलाकों में किया गया, जहां का इलाका अति संवेदनशील माना जाता है। पुलिस ने उन स्थानों का भ्रमण कर अपनी उपस्थिति दर्शाई और स्पष्ट संकेत दिया कि यदि किसी ने कोई गड़बड़ी की तो पुलिस सख्ती से निपटेगी। इधर, शहर में ईद के दौरान सुरक्षा को लेकर 4000 फोर्स को तैनात किया गया है, जिसमें अर्धसैनिक बल भी हैं। सिटी एसपी ने कहा कि ईद खुशी का त्योहार है, शांतिपूर्वक मनाएं।

मानगो में सोमवार को ईद की पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च करते रैफ के जवान। • हिन्दुस्तान

Prabhat Jamshedpur, (Jkd)

रैपिड एक्शन फोर्स के रक्तदान शिविर में 40 यूनिट रक्त संग्रह

जादूगोड़ा| शुक्रवार को सुंदर नगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स की 106 वीं बटालियन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल परिसर में आयोजित इस रक्तदान शिविर में 40 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस मौके पर कमांडेंट डॉ नीतीश कुमार ने भी रक्तदान किया व जवानों को रक्तदान के लाभ से अवगत कराया। साथ ही बार-बार रक्तदान के फायदे की जानकारी दी। इस मौके पर रक्तदान कर्मियों के बीच फल व जूस का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमांडेंट डॉ निशित कुमार, सेकेंड कमान अधिकारी शैलेंद्र कुमार व राकेश कुमार (परिचालन) समेत अन्य अधिकारियों की अहम भूमिका रही।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

WATER CONSERVATION CAMPAIGN ORGANISED BY 100BN, AHMEDABAD, (GUJARAT)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।